संशोधित विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(66)RSMSSB/अर्थना/मा.शि.वि./पीटीआई ग्रेड–III/2018/1559 दिनांक : 09-05-2018

–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III (Physical Training Instructor Grade III)सीधी भर्ती परीक्षा–2018

बोर्ड के विज्ञापन संख्या **09/2018** दिनांक 04.05.2018 शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–**III** सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

(क) बिन्दु संख्या : 9 आयु में आवेदक 1, जनवरी 2019 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो तथा 40 वर्ष का नहीं हुआ हो, के पश्चात् निम्नानुसार परन्तुक ओर जोड़ा जाता है:–

" परन्तु राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ.7/6/कार्मिक/क–II/2008 दिनांक 23.09.2008 के अनुसार "जिस भर्ती वर्ष विशेष में सीधी भर्ती के पदों के लिये भर्ती नहीं हुई हो और यदि कोई आवेदक उस वर्ष की भर्ती में आयु की दृष्टि से पात्र था तो उसे आयु की दृष्टि से पात्र माना जावेगा, किन्तु यह छूट 3 वर्ष से अधिक नही दी जावेगी।"

स्पष्टीकरणः– शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–**III** सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन वर्ष 2013 के बाद नहीं होने के कारण समस्त आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की और छूट दी जाएगी।

विज्ञप्ति की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(डॉ. बी.एल.जाटावत)
अध्यक्ष